# Jan Shikshan Kendra-Ambedkar Nagar

वार्षिक प्रगति रिर्पोट

अवधि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024






**न्याय और समानता पर अधारित शोषण मुक्त समाज की  पक्षधर एक स्वैच्छिक संगठन**

कुटियवा बेवाना जिला-अम्बेडकरनगर (उ0प्र0- 224122

सम्पर्क नम्बर- 9415183210, 9792831635

ईमेल-jskkendra@gmail.com,  jskkutiyawa@rediffmail.com

**पुर्वी उत्तर प्रदेश मे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा मे नागरिक समाज संगठनो को सुदृढीकरण परियोजना-**

**उद्देश्य** –इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओ विशेषकर महिला किसानो की प्रगति में आने वाली बाधाओ को संबोधित करना और स्थानीय नागरिक समाज संगठनो के माध्यम से उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है .

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदु –**

- 16 गाँवो में लैंगिक समानता वाले, जलवायु सूचित/जलवायु अनुकूल, व्यापार के वातावरण तथा अवसरों को बढ़ावा देने के लिए नागरिक समाज संगठनो की क्षमता वृद्धि करना .
- 1662 महिलाओ को संगठित करके, उन्हें उनके अधिकारों, लैंगिक मुद्दों, कृषि, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण, जलवायु सूचित/जलवायु अनुकूल कृषि आदि मुद्दों पर जागरूक करना .
- महिला किसानो की प्रतिभागिता को सुनिशिचित करते हुए जलवायु सूचित/जलवायु अनुकूल कृषि को बढ़ावा देना .
- व्यावसयिक उदम चलने और लिंग संवेदनशील वयस्था को बढ़ावा देने हेतु महिलाओ में नेतृत्व क्षमता और प्रबंधकीय कौशल विकसित करना .
- 1000 महिला किसानो के साथ किसान उत्पादक कंपनी (FPC ) बनाना .
- परिवार, समुदाय और गाँव सम्बंधित मुद्दों को हल करने एव स्वय के स्तर पर निर्णय लेने की प्रिक्रियाओ में महिलाओ की भागीदारी सुनिशिचित करना .
- महिला किसानो की क्षमताओ के निर्माण के लिए पंचायत, स्थानीय स्वाशन, सरकारी विभागों, संसाधन एजेंशियो के साथ समन्वयन बनाना तथा आवश्यक सरकारी योजनाओ और लाभों तक महिलाओ की भागीदारी सुनिशिचित करना .
- डिजिटल माध्यमो के माध्यम से नागरिक समाज संगठनो तथा महिला किसानो की नियमित क्षमता वृद्धि करना .

**लक्षित समुदाय** – 17 ग्राम पंचायत के महिला किसान समूह की 1761 महिलाये

**अप्रैल से जून तक की गई गतिविधि –**

- 102 ग्रुप महिला किसानो के साथ कृषि आधारित मुददो पर मीटिंग हुई जिसमे 1542 महिला किसान सम्मिलित हुई।
- सोशियो इकोनामिक राइटस एण्ड मैनेजरियल स्किल विषय पर 45 ग्रुप के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे 720 महिला किसानो ने प्रतिभागिता किया और सीखा।
- जेण्डर एण्ड जेण्डर सेसटिव गर्वनेन्स विषय पर 27 ग्रुप का प्राशिक्षण आयोजित किया गया जिसमे 484 महिला किसानो ने सहभागिता किया और अपनी सीख बढ़ाई।
- लोकली रिलेवेन्ट मेथेड एण्ड टेकनिक आफ क्लामेट **इन्फर्म** एग्रीकल्चर प्रैक्टिस विषय पर 11 समूहो के साथ प्रशिक्षण आयोजित हुआ जिसमे 240 महिला किसानो ने प्रतिभागिता किया,सीखा और जानकारी बढ़ाई, अभी सभी महिला किसान अपने खेतो मे कुछ कुछ प्रक्टिस को आगे ले जा रही है।
- इन्टरप्रयोन्शिप डेवलेपमेन्ट विषय पर 26 ग्रुप का प्रशिक्षण हुआ जिसमे 360 महिला किसान बहने शामिल रही।
- महिला किसानो के परिवारो के साथ 8 मीटिंग हुई जिसमे 574 लोग शामिल हुए । उनके साथ स्मार्ट एग्रीकल्चर को लेकर चर्चा किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे जिले और ब्लाक लेबल के अधिकारी मौजूद रहे और अपने अपने विभाग के योजनाओ के बारे मे महिलाओ को बताया और इसके महिला दिवस की बधाई भी दी।
- पर्यावरण दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन मालीपुर मे किया गया जिसमे 199 महिला किसान उपस्थिति रही। ब्लाक व जिले लेबल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

- ओरियनटेशन आन फारमेशन एण्ड मैनेजमेंट आफ एफपीसी विषय पर 4 पंचायतो मे महिला किसानो और उनके परिवार के सदस्य भी शामिल रहे जिसमे 325 महिला किसान और पुरूष भी उपस्थिति रहें।
- एफपीसी बोर्ड मेम्बर के साथ मंथली रिब्यू मीटिंग का आयोजन किया जिसमे बोर्ड डायरेक्टर और बोर्ड सदस्य के साथ प्रोग्राम की पूरी टीम उपस्थिति रही।
- 36 महिला किसान अगुवाओ का राम आसरे पालीहाउस बाराबंकी, हरित दृव्य प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड का भ्रमण करके सीख को बढाया गया । जहां पर महिला किसानो ने फूल की खेती, बायोगैस, एफपीसी के डाकूमेन्ट को सीखने का काम किया।
- इस प्रोग्राम मे महिला किसान के कार्यो की विडियोग्राफी की गई जो राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे अधिकारियो मे सराहा।
- चाइल्डफण्ड के द्वारा 14 महिला किसानो को बकरी बैक की स्थापना को लेकर बकरी दिया गया जिससे वें अपने आजीविका को आगे बढ़ा सके। इसी साथ एफपीसी बोर्ड डायरेक्टर और मेम्बरो को हैंड बैग भी दिया गया।
- 17 ग्राम पंचायत की महिला किसानो के डिसिमिनेशन वर्कशाप किया गया जिसमे 36 लोग शामिल रहे।

**मुख्य उपलब्धि –**

- 1700 महिला किसानो को सशक्त ग्रुप बना ।
- महिला किसानो मे अपनी खुद की एफपीसी बनाई और उसमे सीख करके अपने उत्पादन को खरीद और बेच रही है।
- बकरी बैंक की स्थापना हुई।
- जिले मे पहली बार महिला किसानो ने अपनी खुद की जन शिक्षण ओमेन फारमर प्रोडयूसर कम्पनी बनाई, जिसमे सभी महिलाए बोर्ड डारेक्टर और मेम्बर है कम्पनी मे शेयरधारक भी महिला किसान है।
-

| क्र.न. | योजना को नाम | लाभान्वित संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आत्मा प्रोग्राम तहत महिला किसानो को बीज वितरण | 106 महिला किसान |
| 2 | किसान सम्मान निधि | 569 किसान |
| 3 | जाबकार्ड | 559 |
| 4 | मनरेगामें कार्य | 277 दिन |
| 5 | श्रमकार्ड रजिस्ट्रेशन | 40 |
| 6 | शादी अनुदान फॉर्म | 2 |
| 7 | मशरूम डेमो | 9 ग्राम पंचायत में 20 महिला किसान ग्रुप के |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट और गोत फार्मिंग पर प्रशिक्षण | 2 किसान |
| 9 | रिवालविंग फण्ड | 32 किसानो को 417000. रु |
| 10 | स्मार्ट हेल्थ गोल्डन कार्ड | 35 |
| 11 | वृद्ध पेंशन | 02 |

**कमजोर आवादी की आजीविका सुरक्षा को सुनिश्चित करना-** बराणसी जिले के आरजीलाइन ब्लाक के 50 गांवो मे इस कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।

**अप्रैल से लेकर मार्च तक किया गया कार्य -**

**मनरेगा मजदूर यूनियन-**

- मनरेगा एक्ट पर चार बैच मे 271 मनरेगा मजदूर यूनियन के साथियो के साथ कार्यशाला का आयोजन अलग-अलग जगह पर आयोजित किया गया जिसमे मनरेगा एक्ट के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी।
- मनरेगा मजदूर यूनियन के 24 साथियो का शैक्षणिक भ्रमण अलग अलग जगह पर करवाया गया जिससे वें अलग अलग जगह स्थान और वहा कल्चर के बारे मे जान सकें।
- पंचायती राज एक्ट पर मनरेगा मजदूर यूनियन के 235 सदस्यो के साथ साहसाहपुर और राजातालाब मे अले अलग रिर्सोस पर्सन के द्वारा क्षमतावर्धन कार्यक्रम किया गया । जिससे सभी सदस्य पंचायतो के बारे मे जान सके और अपने अधिकारो को पंचायत में ला सके।
- मनरेगा मजदूर यूनियन का खण्ड स्तरीय बैठक दीनदासपुर मे किया गया जिसमे 90 मजदूर उपस्थिति रहे । अपने पंचायतो के मुददे को रखा और आगे की रणनीति बनाई।
- महिला मजदूर अधिकार सम्मेलन 10 मार्च गौर मधुकर साहपुर मे आयोजित किया गया जिसमे 750 महिला किशोरिया उपस्थिति रही। गीत, गानो और नारो के साथ जश्न का महौल बनाया इसके साथ आये हुए वक्ताओ मे महिलाओ और किशोरियो को सम्बोधित किया ।

**किशोरी युवा मंच-**

- किशोरी स्वास्थ्य और महिला स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 4 बैच मे 207 महिला किशोरियो के साथ राजातालाब और प्राथमिक पाठशाला कयातपुर मे अलग अलग रिर्सोस पर्सन के द्वारा किया गया जिसमे किशोरियो और महिलाओ के प्रजनन स्वास्थ्य, मासिक धर्म पर जानकारी दी गई।
- 5 कार्यकर्ता मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 87 कार्यकर्ताओ ने भाग लिया और अपनी कार्ययोजना, काम करने तरीके और कार्यो मे आने वाली बाधाओ पर चर्चा किया और आगे की रणनीति बनाई।
- 9 स्टाफ का शैक्षणिक भ्रमण उड़ीसा पुरी मे कराया जिसका उद्देश्य यह था कि कार्यकर्ता अपने राज्यो के बारे मे जाने के कल्चर से रूबरू हो|
- कशोरी नेतृत्व विकास प्राशिक्षण, जेण्डर, आत्मरक्षा, किशोरी और कार्यकर्ताओ को आत्मरक्षा प्रशिक्षण विषय पर 270 किशोरियो और कार्यकर्ताओ को प्राशिक्षित किया गया ।
- किशोरी मासिक बैठक का आयोजन 4 बैच मे अलग अलग जगह राजा तालाब दीनदासपुर मे 425 किशोरियो के साथ किया गया। जिसमे किशोरियो के प्राशिक्षण और करियर को लेकर चर्चा हुई
- 15 अक्टूबर 2023 को महिला एंव किशोरी दिवस पर एक दिवसीय आयोजन राजातालाब मे किया गया जिसमे 1180 महिला और किशोरिया मौजूद रही । सामाजिक कार्यकर्ताओ द्वारा महिलाओ और किशोरियो को सम्बोधित किया गया महिला और किशोरियो ने भी अपने गीतए नाटकए नारो की प्रस्तुति की।
- नेपाल कान्फ्रेन्स मीटिंग 7 लोग काठमांडू गये जहां पर पूरे देश और विदेश के भी सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे जो अपने अपने यहा के कार्यो को प्रदर्शित और अपने अपने अनुभव साझा कर रहे थे जिसे सीखने मौका मिला और हम भी अपने कार्यो के बारे मे बता सके।
- 117 किशोरियो का शैक्षणिक यात्रा भ्रमण दो अलग अलग जगह पर कराया गया जिससे किशोरियो के अन्दर आत्मविश्वास बढ़े और समाज मे बेखौफ रह सके या आ जा सके।

**ग्रामीण महिला सशक्तीकरण प्रोग्राम -** ग्रामीण महिलाओ की गरिमा, और अधिकारो पर हकदारी की प्राप्ति के लिए सशक्त करना और स्थानीय स्वाशासन को पारदर्शी एंव जबाबदेह बनाना

**उद्देश्य -**

- नारी संघ का गठन करना, महिला नेतृत्व का विकास और ब्लाक/जिला स्तर पर उनकी आवाज को मजबूत करना
- नारी संघ सरकारी योजनाओ और महिला मुददो का मजबूती से उठा सके।
- नारी संघ मे नेतृत्व का विकास करना जिससे वो काम के अधिकार को प्राप्त कर सके।
- सरकारी कल्याणकारी योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायतीराज संस्थाओ व स्थानीय स्वाशासन व्यवस्था को ग्राम सभा की खुली बैठक मे प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करना। नारी संघ की महिलाओ को अधिकार और योजनाओ को लेकर समझा और जानकारी बढ़ाना ।

इसी उददेश्य के साथ कार्यक्रम की शुरूआत 15 दिसम्बर 2022 से शुरू हुआ है। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक किये गये कार्य –

- मजदुर दिवस ग्राम पंचयत रुदौली अदाई में मनाया गया जहा पर सावित्री बाई फुले नारी संघ की 6 ग्राम पंचायतो की 53 अगुवाओ ने भाग लिया और मजदूरो के अधिकारों और सरकार द्वारा संचालित मजदूरो के हित में योजनाओ पर बिस्तृत चर्चा किया .
- वी द पीपुल अभियान के साथ मिलकर एक दिवसीय संविधान संवाद कार्यशाला परियोजना स्टाफ और पैरा लीगल वाले स्वयसेवक के साथ डवाकरा हाल अकबरपुर में आयोजित हुआ , जिसके मुख्य अतिथि अपर जिला जज/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कमलेश मौर्या जी रहे .
- ग्राम पंचायत भस्मा में तम्बाकू निशेष दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे इससे होने वाले नुकसान और आजीविका पर पड़ने वाले दुश्पर्भाव पर भी जागरूक किया गया .
- परियोजना क्षेत्र के 3 ग्राम पंचायत में 500 लोगो के साथ 5 पर्यावरण दिवस मनाया गया . जिसमे पर्यावरण को लेकर आने वाले बेमौसम बदलाव पर बिस्तृत चर्चा हुयी जिससे ये समझ में आया की पर्यावरण को लेकर हमे सचेत होने की जरुरत है , नहीं तो आने वाला समय बहुत ही भयावह होगा जिससे हम सभी को नुकसान होगा .
- संवैधानिक मूल्य एव जेंडर, स्थानीय स्वशासन एव ग्राम सभा विज़निंग, श्रम कल्याण एव आवास योजना, घरेलु हिंसा एव महिला हिंसा अधिनियम 2005, सामुदायिक गतिशीलता और महिला नेतृत्त्व के विकास की रणनीति और दृष्टि, मनरेगा, पीडीएस और पेंसन पर 6 ग्राम पंचायत की 73 अगुवा और परियोजना कार्यकर्ताओ का क्षमता वर्धन  किया गया .
- परियोजना कार्यकर्ताओ का एक दिवसीय विजनिग वर्कशॉप किया गया जिसको  साथी उप्र ललित जी के द्वारा फैसिलिटेट किया गया |
- 5 ग्राम पंचायत में सावित्री बाई पुले नारी संघ द्वारा बंधुत्व/भाईचारा को बढाने की दृष्टि कोण को ध्यान में रखते हुए सहभोज का आयोजन किया जिसमे ग्राम प्रधान, पंचायत  स्तरीय सेवादाता और अधिकारीगण भी मौजूद रहे . दोनों पंचायत से कुल 414 नारी संघ परिवार ने सहभागिता की .
- 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी पखवारा में दीवाल लेखन, रैली, संबिधान दिवस, पक्सो एक्ट , मानवाधिकार दिवस, महिलाओ के पार्टी असमानता, गैर बराबरी, लिंग आधारित भेदभाव पर समुदाय में चर्चा किया गया और लोगो को महिला को महिला हिसा न करने का संकल्प भी लिया .
- बाल दिवस का कार्यक्रम किया गया जिसमे 104 लोगो ने प्रतिभागिता किया इसके साथ मालीपुर थाने से SO अपनी टीम के साथ आयी और बच्चो को सुरक्षा को लेकर पुलिस के कर्तव्य बताये .
- सावित्री बाई फुले नारी संघ एवं परियोजना स्टाफ का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण अयोध्या के हरिन्टनगंज के ग्राम पंचायत पहाड़पुर में किया गया जिसमे महिलाओं ने संगठन को मजबूत करने और अपने मुद्दों की पैरवी स्वयं करने की बात कही , मनरेगा में काम, नारी संघ सदस्यों द्वारा जमा कोष पर चर्चा की गई |
- ग्राम पंचायत भस्मा और गुवापाकड़ में मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे 50 नारी संघ सदस्य उपस्थित रहे , मतदाता दिवस पर अपने दिए गए  वोट के महत्व के बारे में जागरूक किया गया |

- ग्राम पंचायत रुधौली अदाई में  BAG (Block Action Group) का गठन किया गया जिसमे 6 ग्राम पंचायत की सक्रिय नारी संघ की 40 अगुवा लीडर उपस्थित रही | सभी नारी संघ सदस्यों के सहमति से प्रत्येक पंचायत से 18 सदस्यों का चुनाव किया गया | ब्लाक स्तरीय पैरवी दल यह जिम्मेदारी दी गई कि वह तिमाह बैठक करे और नारी संघ के मुद्दों की पहचान कर ब्लाक स्तर पर उनकी पैरवी करे |
- 3 ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तरीय नागरिक फोरम की बैठक की गई जिसमे 154 नारी संघ सदस्य उपस्थित रहे | इस बैठक में महिलाओं के सुरक्षा को लेकर, वृधा, विधवा,दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि योजना, मनरेगा में काम की मांग को लेकर , लिंग भेदभाव को लेकर जानकारी दी गई | महिलाओं की सुरक्षा को लेकर टोल फ्री नंबर 1090,181,1098 की जानकारी दी गई |
- ब्लाक स्तरीय परिसंवाद कार्यक्रम ब्लाक जलालपुर के डवाकरा हॉल में आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी पवन कुमार वर्मा, कृषि विभाग से विनीत कुमार वर्मा, बाल विकास विभाग से सी डी पी ओ शिव देवी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से ब्लाक मिशन मैनेजर आदर्श कुमार स्वास्थय विभाग से लक्ष्मीकांत, अधिक्षक श्री शिव कुमार जी सहित ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे |
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत महिला सम्मलेन का आयोजन मोतीलाल विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज में किया गया जिसमे 263 नारी संघ महिलाएं शामिल हुई | इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधिक्षक कार्यालय से महिला सहायता प्रकोष्ठ शिवांगी त्रिपाठी,जिला उप निदेशक कृषि, एसएचओ मालीपुर प्रियंका पाण्डेय, सीडीपीओ शिव देवी, सीएमओ ऑफिस से राज्यपाल द्वारा सम्मानित श्रीमती संध्या सिंह एवं थाना मालीपुर कांस्टेबल की महिला टीम उपस्थित रहे |

**उपलब्धि –**

| क्र.स. | योजनाओ का नाम | सख्या | |
|---|---|---|---|
| 1 | शादी अनुदान | 1 | 55000रूपये |
| 2 | विधवा पेंशन | 3 | |
| 3 | दिव्यांग प्रमाणपत्र | 3 | |
| 4 | दिव्यांग रजिस्टेशन | 5 | |
| 5 | न्यू राशन कार्ड ऑनलाइन | 3 | |
| 6 | राशन कार्ड में नाम शामिल करवाना | 8 कार्ड में 26 लोगो का नाम जोड़ा गया | |
| 7 | परिवार रजिस्टर नक़ल | 01 | |
| 8 | आय प्रमाणपत्र | 01 | |
| 9 | रास्ट्रीय परिवार हितलाभ योजना | 01 | |
| 10 | आयुष्मान कार्ड | 133 | |
| 11 | श्रम कार्ड पजीकरण | 95 | |
| 12 | सुकन्या समृधि योजना | 03 | |
| 13 | कन्या सुमगला योजना | 04 | |
| 14 | प्रधानमत्री विशकर्मा प्रमाणपत्र | 03 | |
| 15 | ई-श्रम कार्ड | 02 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | स्वच्छ भारत मिशन योजना (शौचालय) | 06 | |
| 17 | जननी सुरक्षा योजना | 11 | |
| 18 | मनरेगा में कार्य | 37 लोग | |

भूख और ग्रामीण गरीबी उन्मूलन पहल कार्यक्रम - जिला अम्बेडकरनगर और सुलतानपुर के पांच गावो मे जीव दया फाउन्डेशन के सहयोग से 6 माह से 5 साल तक के ऐसे बच्चो जो भूख और कुपोषण का शिकार है उन बच्चो को चिन्हित करना और समाज/ शिक्षा की मुख्यधारा मे लाना। जिसका मुख्य उददेश्य है कि -

- बच्चो को कुपोषण से मुक्त करना।
- बच्चो को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना।
- बच्चो के अन्दर स्वास्थ्य और स्वच्छ रहने की आदतो का विकास करना।
- बच्चो के परिवारो की भूखमरी को काम करना।
- बच्चो के रोटी कपड़ा के अधिकार को पूरा करवाना।

**किया गया कार्य-**

- अम्बेडकर नगर मे तीन सैरपुर उमरन (नट/लोना बस्ती) करमिसिरपुर (मुसहर बस्ती), बलुआ बहादुरपुर, सुलतानपुर मे दो दुल्लापुर (मुसहर बस्ती) कैथी जलालपुर (मुसहरपुर) मे 198 बच्चो के साथ यह कार्यक्रम संचालित किया गया। पांच सेन्टर बनाये गये।
- पाचो सेन्टर पूरे महीने सोमवार से शनिवार संचालित किये जा रहे है जिसमे 180 मिग्रा अमूलदूध और पारले बिस्किट दिया जा रहा है। और इसी के साथ प्री शिक्षा 2 घण्टे दिया जा रहा है जिससे बच्चो के 5 साल होने के बाद उन्हे प्राइमरी स्कूल मे दाखिला कराया जा सके।
- 200 परिवारो को राशन वितरण किया गया।
- 198 बच्चो को ड्रेस और जूता वितरण किया गया, पहली बार बच्चो के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।

**मुख्य परिणाम-**

- बच्चो मे कुपोषण को कम किया गया और बच्चो को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा गया। 32 बच्चो को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ा गया।
- 200 परिवार को राशन देकर उनके भूख के सवाल को दूर करने के प्रयास किया गया।
- 198 बच्चो के स्वास्थ के बारे मे ब्वयहार परिवर्तन किये गयें।

**महिला हिंसा विरोधी पखवारा -** जन शिक्षण केन्द्र द्वारा जलालपुरए अकबरपुर ब्लाक के 30 गांवो मे संविधान दिवस से शुरूआत होकर 10 दिसम्बर मानवाधिकार दिवस तक चलने वाले इस प्रोग्राम मे रैली, दिवाल लेखन, पम्पलेट, पोस्टर के जिरऐ लोगो मे महिला के प्रति सम्मान, सुरक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और महिलाओ को सरकार द्वारा संचालित प्रोग्राम महिला हेल्पडेस्क, महिला हेल्पलाइन (1090, 181, 1076, 112, 102, 108, 1098,) के बारे मे जागरूक किया गया। बताया गया।

**दिव्यांग जागरूकता कार्यक्रम -** जन शिक्षण केन्द्र द्वारा अम्बेडकरनगर जिले के अकबरपुर, जलालपुर और कटेहरी विधानसभा के दिव्यांगो को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया गया। दिव्यांग विभाग से जुड़कर लगभग 100 दिव्यागो को योजनाओ (रजिस्ट्रेशन करवाना, पेन्षन के ऑनलाइन करवाना, जिनका पेन्शन नही आ रहा है उनका क्यूआईसी करवाना, सरकारी योजनाओ से जोड़ना) से जोड़ने का प्रयास किया गया |

**विभिन्न सरकारी विभागों के साथ समन्वयन -**

- 25 मई 2023 को जन शिक्षण केंद्र We The People के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के ३० पैरालीगल वालेंटियर का सिटिजन अड्डा ( संविधान बनाने की प्रक्रिया, प्रस्तावना पर चर्चा और संवैधानिक मूल्यों पर समझ ) की एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिब श्री कमलेश मौर्य जी के द्वारा किया गया | ट्रेनिंग फैसिलिटेटर के रूप में We The People से प्रवीण जी, डॉली जी और जन शिक्षण केंद्र से पुष्पा पाल जी उपस्थित रही |
- 5 सितम्बर 2023 को रेडक्रॉस अम्बेडकरनगर में रेडक्रॉस के कार्यो के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रेडक्रॉस के जिला स्तरीय बोर्ड मेम्बर को माननीय राज्यपाल महोदया श्री मती आनंदी बेन पटेल जी के द्वारा सभी को सम्मानित किया गया जिसमे संस्था प्रमुख पुष्पापाल जी भी नामित सदस्य है | इसके साथ साथ लोहिया भवन अम्बेडकरनगर में FPC के द्वारा द्वारा स्टाल लगाया गया जिसको भी राज्यपाल महोदया के द्वारा विजिट किया गया| FPC की प्रगति को राज्यपाल महोदया के सामने डायरेक्टर के द्वारा साझा किया गया |
- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नईदिल्ली एव राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्दशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर के द्वरा विधिक जागरूकता के माध्यम से महिलायों का सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन अम्बेडकरनगर जिले के 3 ब्लाक जलालपुर अकबरपुर व् टांडा में आयोजित किया गया जिसमे जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल जी को महिला अधिकारों की वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया |
- 16 दिसंबर 2023 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोहिया भवन अम्बेडकरनगर नगर में वृहद् विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिमसे जन शिक्षण केंद्र की ओर से स्टाल लगाकर संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनायो पर लोगो को जागरूक किया गया और कार्यक्रम में सहभागिता किया गया |
- श्रम विभाग अम्बेडकरनगर के और से आयोजित श्रम बंधू मीटिंग में संस्था को आमंत्रित किया गया जिसमे संस्था सचिव नामित सदस्य है | मीटिंग में उपस्थित होकर मजदुर योजनायो में आ रही समस्यों को जिलाधिकारी के समक्ष साझा किया गया और समाधान की बात किया गया |
- कृषि विभाग द्वरा आयोजित फार्मर प्रोडूसर कम्पनी की मीटिंग में सस्था प्रमुख और FPO की बोर्ड डाइरेक्टर विजयलक्ष्मी जी के द्वारा सहभागिता किया गया जिसमे डीएम जी के समक्ष अपनी कम्पनी की प्रगति बारे में जानकारी साझा किया गया |
- सरकारी विभागों द्वरा आयोजित बंधुआ श्रम सतर्कता समिति, दिव्यांग मतदाताओ के लिए गठित जिला स्तरीय मानिटरिंग कमेटी में सदस्य के रूप में नामित है और समय समय पर मीटिंग में सहभागिता संस्था के द्वरा सहभागिता किया जाता और मजदूरो और दिव्यंगो के हितो की बात साझा की जाती है |
- पुलिस विभाग अम्बेडकरनगर में महिलायों के कार्यस्थल पर लैगिक उत्पीडन ( निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष ) अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन कराये जाने हेतु जनपद स्तरीय POSH एक्ट 2013 में जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल जी को नामित किया गया |
- समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम के संचालन एव मोनिटरिंग कमेटी में जन शिक्षण केंद्र की सचिब पुष्पा पाल जी को नामित किया गया |
- महिला एव बाल कल्याण विभाग अम्बेडकरनगर में महिलायों के कार्यस्थल पर लैगिक उत्पीडन ( निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष ) अधिनियम 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन कराये जाने हेतु जनपद स्तरीय POSH एक्ट 2013 में जन शिक्षण केंद्र की सचिब पुष्पा पाल जी को नामित किया गया है |
- 26 Oct 2023 मिशन शक्ति कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिया मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन महिला एव बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया जिसमे संस्था प्रमुख के द्वरा प्रतिभाग किया गया |

केसस्टडी

विजयलक्ष्मी बनी महिला सशक्तीकरण की एक मिसाल

**भूमिका-** विजयलक्ष्मी पत्नी रामधारी ग्रामपंचायत खालिसपुर भटौली ब्लाक जलालपुर जिला अम्बेडकर नगर की स्थायी निवासी है। चाइल्डफण्ड इण्डिया के देखभाल में, जन शिक्षण केन्द्र द्वारा संचालित कार्यक्रम युरोपियन युनियन के तहत बनी ''जन शिक्षण ओमेन फारमर प्रोडूसर कम्पनी '' में विजयलक्ष्मी बोर्ड की सदस्य है।

**समस्या-** विजयलक्ष्मी बताती है कि पहले हम केवल धान, गेहूँ की खेती करते थे तब हमारे पास नगदी नही होती थी यदि हम बीमार हो जाए तो दूसरो के आगे हाथ फैलाना पड़ता था । हमें प्रशिक्षण से यह पता चला कि उतने ही खेत में यदि हम सब्जी की खेती करे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते है। परन्तु समस्या तब आई जब हमने खेती शुरू की तो हमे सब्जी की खेती की जानकारी नही थी। विजयलक्ष्मी के दो बेटे है एक बेटा विजयलक्ष्मी से अलग है दूसरा बेटा बाहर रहता है उनकी बहू बीमार रहती है उसके दवा में काफी पैसा लग रहा है। पिछले दिनो विजयलक्ष्मी को बहू के दवा के लिए अपना गहना गिरवी रखना पड़ा। विजयलक्ष्मी के पति षराब पीते है जिसको लेकर विजयलक्ष्मी काफी परेशान रहती है। इसप्रकार पूरे घर की जिम्मेदारी अब विजयलक्ष्मी पर आ गई है। वह अपने पति को सुधारने का प्रयास कर रही है। इसलिए विजयलक्ष्मी खेती कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारना चाहती है।



**आवश्यकता -** विजयलक्ष्मी कहती है कि जब हमने सब्जी की खेती करने का निर्णय लिया तब हमे खेती के टेकनिकल एवं आधुनिक खेती की जानकारी नही थी। सब्जी की खेती षुरू करने से पहले हमे खेती में टेक्निकल तरीको के जानकारी की आवश्कता थी । इसके लिए हमने कम्युनिटी मोबलाइजर से बात की कि हमे प्रशिक्षण दिया जाय। जिससे हम टेकनिकल खेती की तरफ आगे बढ़ सके।



**प्रशिक्षण एवं प्रेरणा-** विजयलक्ष्मी को कम्युनिटी मोबलाइजर द्वारा समूह में बैठक के माध्यम से प्रषिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण से बीजशोधन, कीटनाशक दवा बनाना और सघन क्रशि के गुर सीखे। इसके अलावा विजयलक्ष्मी ने कम्पनी से प्राप्त मोबाइल फोन द्वारा टेकनिकल खेती के बारे में जानकारी प्राप्त किया। विजयलक्ष्मी मोबाइल फोन से मौसम, दवाओ व एप्स लोड कर अच्छे क्वालिटी क बीज के बारे में भी जानकारी प्राप्त करती है।

**समाधान-** विगत महीने उन्होने 8 विस्वा प्याज की नर्सरी डाली है। प्याज की नर्सरी के बीज उन्होने अकेले फैजाबाद जोकि उनके घर से **85** किमी० दूर है जाकर बीज खरीदा और उसकी नर्सरी डाला। विजयलक्ष्मी का कहना है कि प्याज की नर्सरी डाला । विजयलक्ष्मी का कहना है कि प्याज की नर्सरी से 30 हजार रू० कमाया अब विजयलक्ष्मी ने बैंगन व टमाटर की खेती लाइन विधि से की है और मचान पर करेला, बोड़ा व कोहड़ा लगाया है इस समय बैगन व टमाटर की फसल तैयार है विजयलक्ष्मी स्वंय मण्डी जाकर सब्जी बेचती है। विजयलक्ष्मी कहती है कि अब हम सब्जी की खेती से अच्छा पैसा कमा रही है। अब उनकी आथिर्क स्थिति पहले से बेहतर है उनके



पति खेत में उनके साथ हाथ बटाते है। विजयलक्ष्मी अब काफी खुश है।

**विजयलक्ष्मी का सपना -** विजयलक्ष्मी जी कहती है कि पहले हमे सब रामधारी की बहू य संतोश की अम्मा कहकर बुलाते थे परन्तु जब से हम महिला किसान समूह से जुड़कर सब्जी की खेती करने लगे तब से हमे सब हमारे नाम से जानने लगे। विजयलक्ष्मी कहती है हम बोर्ड में डायरेक्टर भी है हमारे साथ 1700 किसान बहने है। हमारा सपना है जिस तरह हम सब्जी की खेती कर रहे है उसी तरह समूह की अन्य बहनो को प्रशिक्षण देकर सब्जी की खेती के लिए प्रेरित करेगें और अगले वर्ष तक पिकअप से अपनी सब्जी को सब्जी मण्डी पहुचायेंगे।

**विजयलक्ष्मी द्वारा किए गए अन्य काम-** खालिसपुर भटौली में शर्मीला के पति की मृत्यु के बाद शर्मीला का उनके घर में उनके ससुर के द्वारा मानसिक शोषण होने लगा शर्मीला के ससुर उनको बार-बार साथ रहने का दबाव बनाने लगे जिसका शर्मीला ने एतराज किया तो उनके ससुर ने शर्मीला के हिस्से की जमीन का बटवारा अपने



तीनो बेटो में कर दिया। शर्मीला की स्थिति बहुत खराब हो गई और शर्मीला को घर से निकाल दिया गया। एक दिन शर्मीला विजयलक्ष्मी से मिली और अपनी आप बीती विजयलक्ष्मी को बताई तो विजयलक्ष्मी ने कहा कि यह तो बहुत गलत हुआ आप एक पंचायत बुलाइए। शर्मीला ने पंचायत बुलाया और उस पंचायत में विजयलक्ष्मी भी सामिल हुई। विजयलक्ष्मी ने उनके ससुर से कहा कि आप शर्मीला के हक की जमीन शर्मीला के नाम करिए यह कानूनी अवैध है शर्मीला के ससुर पंचायत की बात नही माने तो विजयलक्ष्मी पंचो के साथ जाकर उनके घर में ताला लगा दिया। उसके बाद उनके ससुर बौखला गए और शाम को ही विजयलक्ष्मी से माफी मांगे आकर कहा कि कल सुबह हम जमीन 5 विस्वा शर्मीला को दे देगे लेकिन आप चल के घर का ताला खोल दीजिए नही तो घर के बच्चे भूखे मर जायेगे। विजयलक्ष्मी ने जाकर शाम को ही एक खेत जो 5 विष्वे का था शर्मीला को दिलवाया और घर का ताला जाकर खोला। इस प्रंकार शर्मीला को अपना हक मिला।

**अन्य किसानो पर पड़ा प्रभाव-** विजयलक्ष्मी के इस कार्य से प्रभावित होकर उनके पड़ोस के राजाराम निषाद ने भी प्याज की नर्सरी डाला है। विजयलक्ष्मी धन्यवाद देती है अैर कहती है कि इस कार्यक्रम से १७ पंचायतो की अधिकतर महिला किसानो ने सब्जी की खेती अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बना रही है। विजयलक्ष्मी युरोपियन युनियन, बार्नफाण्डेन, चाइल्डफण्डइण्डिया और जन शिक्षण केन्द्र को कार्यक्रम को तहेदिल से धन्यवाद करती है।

## बकरी पालन के व्यवसाय से कृष्णमती जी के जीवन मे आई खुशी की बहार

**भूमिका -** कृष्णमती पत्नी श्यामलाल ग्रामपंचायत सल्लाहपुर ब्लाक जलालपुर जिला अम्बेडकर नगर की स्थायी निवासी है। चाइल्डफण्ड इण्डिया के देखभाल में, जन शिक्षण केन्द्र द्वारा संचालित कार्यक्रम युरोपियन युनियन के तहत बनी ''जनशिक्षण ओमेन फारमर प्रोडूसर कम्पनी लिमिटेड '' में बोर्ड में डायरेक्टर व अध्यक्ष भी है ।

**बकरी के व्यवसाय में आने वाली समस्या-** कृष्णमती जी एक महिला किसान व मजदूर भी है कृष्णमती जी के पास खेती कम है इसलिए वह जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी भी करती है। उसी के साथ उन्होने पशुपालन का व्यवसाय भी शुरू किया जिससे उनकी अतिरिक्त आमदनी हो सके। पशुपालन में किसमत्ती जी ने भैस एवं बकरी पाला। पशुपालन से कृष्णमती जी दूध बेंचकर अपना परिवार चला रही थी। उसी समय कृष्णमती जी के रिशतेदारी मे एक दुखद घटना हो गई। कृष्णमती जी की ननद को फालिज लगने से उनकी मौत हो गई अब किसमत्ती जी के ऊपर उनके भान्जे को पढ़ाने - लिखाने की जिम्मेदारी आ गई । कृष्णमती जी ने 2 भैस व 4 बकरा बेचकर 90 हजार रूपया अपने भान्जे की पढ़ाई में लगाया । अब उनका भान्जा  पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर हो गया है।



**प्रशिक्षण व प्रेरणा-** भैंस बेचने के बाद अब कृष्णमती जी के पास आय का कोई स्रोत नही रह गया था । एक दिन समूह की मीटिंग मे  कम्युनिटी मोबलाइजर द्वारा व्यवसाय पर चर्चा किया गया और उसी के उपरान्त उद्यमिता पर प्रषिक्षण दिया गया जिससे प्रेरित होकर कृष्णमती ने अब बड़े स्तर पर बकरी का व्यवसाय करने का मन बनाया। परन्तु बड़े स्तर पर बकरी के व्यवसाय के लिए कृष्णमती जी को प्रशिक्षण की आवश्यकता थी । इसी बीच चाइल्डफण्ड व जन शिक्षण केन्द्र  द्वारा कृष्णमती  जी को इक्पोजर कराया गया उससे प्रभावित होकर कृष्णमती जी ने बकरी का व्यवसाय षुरू किया। अब कृष्णमती जी के पास 26 बकरी है। बकरी के व्यवसाय से कृष्णमती जी बहुत खुश है। इस समय कृष्णमती जी लाखो की मालकिन है।  कृष्णमती अपने व्यावसाय के जरिए अपनी बेटी और बेटे को ग्रेजुएशन करवा रही है।



**कृष्णमती जी द्वारा समूह में किए गए अन्य काम-** कृष्णमती जी बताती है कि उनके यहां गाव मे बिजली नही थी गाव वालो से चर्चा करके किसमत्ती जी ने विधायक जी से बात करके विधायक निधि से ट्रासफार्मर मंगवाया।

ट्रासफार्मर काफी दिन तक ऐसे ही पड़ा रहा कोई उसे लगाने नही आया तब कृष्णमती जी ने अधिषाशी अभियन्ता अकबरपुर से बात कर  ट्रासफार्मर लगवाया। गांव मे बिजली आ गई।

इसके उपरान्त किसमत्ती जी ने दोबारा सांसद निधि से 15  का ट्रासफार्मर  सासद निधि से मंगवाकर लगवाया। जिससे 2 पुरवे मे बिजली आ गई।

कृष्णमती जी का काम यही पर नही रूका किसमत्ती जी ने जिलाधिकारी से बात करके 18 लोगो को जमीन का पट्टा दिलवाया। पट्टे की जमीन पर जंगल जलेबी का पेड़ था। जब पेड़ कटने लगा तब वन विभाग वालो ने एतराज किया और थाने में रिपोर्ट कर दिया। किस्मत्ती 18 लोगो को लेकर थाने पहुची और पूरा मामला दरोगा जी को बताया तब दरोगा जी ने वनविभाग वालो से कहा कि वह जमीन उनके नाम हो चुकी है इसलिए अब आप उन्हें उस जमीन की सफाई कर उसकी बुआई करने दे।

**अन्य किसानो पर पड़ा प्रभाव-** किसमत्ती जी के इस काम से काफी लोग कृष्णमती जी के साथ है अब कृष्णमती जी का संघर्ष दिखने लगा है और गांव व महिला किसान समूह की मंहिलाए उनसे सीख ले रही है।

## केस स्टोरी

## बेटी के शादी के कर्ज से मिली मुक्ति

**भूमिका** – इंद्रावती पत्नी राम प्रसाद उम्र 47वर्ष ग्राम गुवापाकड़ ब्लॉक जलालपुर जिला अम्बेडकरनगर का स्थाई निवासी है इंद्रावती के पास दो बेटे है दो बेटी है इंद्रावती एक मजदूर है और उनके पति भी मजदूरी करते है ।इंद्रावती नारी संघ की अगुवा लीडर भी है ।

**शिक्षण एवं प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त जानकारी का प्रभाव** –संस्था जन शिक्षण केंद्र द्वारा ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत गाँव में महिलाओं द्वारा नारी संघ बनाया गया है जिसमे इंद्रावती दीदी भी अगुवा लीडर है । इंद्रावती ने बैठक व प्रशिक्षण के माध्यम से ज्ञान व जानकारी प्राप्त किया और CLW पुनीता से कहकर उनका श्रम कार्ड बनवाया गया । श्रम कार्ड प्राप्त होने के बाद इंद्रावती ने 1साल बाद अपनी बेटी राबिता का शादी अनुदान का फॉर्म भराया गया और सभी दस्तावेजों को तैयार किया गया ।फॉर्म भरने के 4माह तक पैसा नहीं आया तब CLW पुनीता द्वारा श्रम विभाग में जाकर पता किया गया कि अभी तक पैसा खाते में क्यू नहीं आया, तब पता चला कि कार्य प्रमाण पत्र बिना फॉर्म रुका है तब CLW ने सभी कागज को तैयार किया और विभाग में जाकर जमा किया लगातार निगरानी किया गया 6 ।माह बाद इंद्रावती को 55हजार रुपया का लाभ मिल गया ।इंद्रावती बहुत खुश हुई ।उन्होंने कहा कि सबसे पहले बेटी की शादी का सबसे पहले कर्ज चुकाएंगे ।उन्होंने संस्था जन शिक्षण केंद्र को धन्यवाद दिया और कहा कि नारी संघ में अगर हम नहीं जुड़े होते तो हमें योजना का लाभ नहीं मिल पाता ।



**इंद्रावती जी के कार्य से प्रेरणा** – इंद्रावती जी के इस योजना के साथ प्राप्ति के बाद नारी संघ की बहनों ने श्रम कार्ड बनवाने और नवीनीकरण करवाने का निर्णय लिया ।जिससे हम सभी मजदूरों को मिलनेवाली योजनाओं का लाभ मिल सके ।

## ज्ञान व जानकारी प्राप्त कर मिला रुकी हुई विधवा पेंशन का लाभ

**भूमिका**– ग्राम पंचायत गुवापाकड़ ,ब्लॉक जलालपुर ,जिला अम्बेडकरनगर मे महिलाओं द्वारा सावित्री बाई फुले नामक एक संगठन बनाया गया है |यह संगठन गुवापाकड़ की महिलाओं ने संस्था जन शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित "ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम "के तत्वाधान मे बनाया है | हमारे नारी संघ की एक सदस्य शैरुन w/o स्व .मो अख्तर है जो कि गुवापकड़ की निवासी हैं और बहुत गरीब विधवा महिला है जो हमारे नारी संघ की सदस्य हैं |



**प्रभाव** – गुवापाकड़ में सावित्री बाई फुले नामक संगठन है इस संगठन में नारी संघ की बैठक में संस्था जन शिक्षण केंद्र के कार्यकर्ता पुनीता )CLW (द्वारा नारी संघ की मीटिंग कराकर सरकारी योजनाओं पर ज्ञान व जानकारी महिलाओं को देती हैं | मीटिंग में शैरुन भी आती हैं उन्होंने कार्यकर्ता पुनीता से अपने विधवा पेंशन को लेकर बात किया कि पहले हमारी पेंशन आती थी लेकिन कुछ महीनों से पेंशन आना बंद हो गया है |इस पर पुनीता जी ने उन्हे BRC हेमलता जी का नंबर दिया और BRC ऑफिस अर्थात नारी संघ कार्यालय पर आने की सलाह दिया |

हेमलता जी ने शैरुन से बात किया और पुनीता और हेमलता उनके साथ बैंक भी गये तो पता चला की उनका NPCI और KYC कराना होगा |हेमलता जी ने यह भी पूछा की जो इनके रुकी हुई पेंशन है क्या यह भी मिल सकता है तो उन्होंने बताया कि इनका 42000रु NPCI ना होने के कारण रुका हुआ है |इस पर तुरंत ही शैरुन का NPCI और KYC कराया गया |अगले महीने इनके खाते मे 6000रु पेंशन की किस्त आ गई और दो महीने बाद फिर 3000रु आए |अभी उनका 33000रु पेंशन के बाकी हैं जो की किश्तों में शैरुन को बैंक द्वारा दिया जाएगा |

**प्रेरणा** –शैरुन की रुकी हुई पेंशन वापस मिलने से वह बहुत खुश हुई और इससे प्रेरित होकर और भी नारी संघ बहनों को संगठन से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित भी किया जिससे की और भी बहनो को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके |

# नारी संघ के प्रयास से मिली राशन की घटतौली मे राहत

**भूमिका** – गीता पत्नी पतिराम ग्राम पंचायत रुधौली माफी ,ब्लॉक जलालपुर ,जनपद अम्बेडकरनगर की निवासी है ।गीता के पास चार बेटी है गीता एक मजदूर है और सावित्री बाई फुले नारी संघ की अगुवा लीडर हैं और नारी संघ की गतिविधियों मे भागीदारी भी करती रहती है ।

**शिक्षण व प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का प्रयोग**– संस्था के कार्यकर्ता रामहित जी ग्राम पंचायत रुधौली माफी मे नारी संघ की बैठक कर रहे थे गीता भी उस बैठक मे भागीदारी किया था । बैठक मे पीडीएस के बारे मे जानकारी दी जा रही थी ।गीता ने जानकारी प्राप्त कर अपने नारी संघ कार्यालय पर जाकर BRC हेमलता से संपर्क किया और राशन की घटतौली के बारे मे बताया ।BRC हेमलता ने गीता से कहा कि आप नारी संघ की 10महिलाओं को साथ ले जाकर कोटेदार से राशन की घटतौली को लेकर बात करें ।दूसरे दिन गीता नारी संघ की लखराजी , कुसुम ,बादामा ,सिरपत्ती आदि महिलाओं के लेकर कोटेदार के पास गई और राशन की घटतौली को लेकर बात किया और राशन मे कटौती ना करने के लिए कहा इसपर कोटेदार से बहस हो गई ।नारी संघ की सदस्यों ने कोटेदार को बताया की यह हमारे जीवन जीने का अधिकार है**) जब खाब न तब जियब कैसे अऊर ई संबिधान म लिखा बाय जब हमार रसनवा काटि लेबा तव कैसे आपन परिवार चलाउब (** जो कानूनन अपराध है और जबकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013मे यह कहा गया है की अंत्योदय कार्ड )लाल (कार्ड पर 35किलो और पात्र गृहस्थी के कार्ड पर प्रति सदस्य 5किलो राशन की व्यवस्था की गई है जिसका आपके द्वारा वितरण मे अव्यवस्था एवं घटतौली की जा रही है जो बहुत ही गलत है यदि आपके द्वारा हम नारी संघ के साथ साथ सभी गाँव वालों को पूरा राशन नहीं दिया जाता है तो हम डी एम साहब) जिला अधिकारी ( के पास जाकर आपकी शिकायत करेंगे और अंत मे कोटेदार ने क्षमा प्रार्थी होकर कहा कि हम राशन मे अब से कटौती नहीं करेंगे ।

प्रेरणा – गीता ने इस कार्य से प्रेरणा लेकर अन्य समूह की महिलाओं को भी संगठित होकर कोटेदार से बात करने के लिए बताया ।गीता के इस कार्य से नारी संघ का हौसला और मजबूत हुआ

## फोटो-



सावित्री बाई फुले जन्मदिन पर नारी संघ द्वारा कार्यक्रम



नारी संघ द्वारा सहभोज कार्यक्रम



8 मार्च 2024 को दैनिक जागरण द्वारा जिलाधिकारी से महिला मुद्दों पर चर्चा




बाल दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जन शिक्षण केंद्र द्वारा संगोष्ठी करते हुए
उपस्थिति SHO मालीपुर, प्रधान रूदौली माफी





मजदूरो के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करते हुए





मिशन शक्ति कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिया मंडल स्तरीय कार्यशाला में पर्तिभाग करने का मौका मिला






दैनिक जागरण द्वारा आयोजित किसान सम्मान महोत्सव 2023 में प्रभारी, कैबिनट मंत्री गिरीश चन्द्र जी द्वारा जन शिक्षण केंद्र सचिव और जन शिक्षण वीमेन फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड की 5बोर्ड डायरेक्टर को भी सम्मानित किया गया




जीव दया फाउन्डेशन द्वारा संचालित पोषण और प्री एजुकेशन सेण्टर में पढ़ते हुए बच्चे






10 मार्च अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की झलकिया




नारी संघ की अगुवा बहनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम



अतिवंचित परिवारों को राशन वितरण कार्यक्रम





नारी संघ के साथ पुरवावर बैठक करते हुए





नारी संघ अगुवाओ का सीख यात्रा भ्रमण





जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बेडकरनगर के पैरा लीगल वालेंटियर के साथ एक दिवसीय ट्रेनिंग

# ब्लाक स्तरीय पैरवी दल का किया गठन

खरी कसौटी



अम्बेडकर नगर जनपद के जलालपुर विकास खंड के अंतर्गत जन शिक्षण केंद्र अम्बेडकर नगर के द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, के तहत प्राथमिक विद्यालय रुदौली अदाई पर ब्लाक स्तरीय पैरवी दल का गठन किया गया जिसमे परियोजना क्षेत्र के 6 ग्राम पंचायत के सक्रिय नारी संघ अगुवा लीडरों नें बैठक में प्रतिभाग किया गया। सभी नारी संघ अगुवा लीडरों की सर्वसम्मति से ब्लाक स्तर पर पैरवी करने के लिए 12 सदस्यों का चुनाव किया गया

और 6 सदस्य उनके अनुपस्थित में कार्य करने के लिए चुना गया इस प्रकार से कुल 18 सदस्यों का चुनाव किया गया ।सुरहुरपुर से रेखा, रंजना, उर्वशी, चमन, रुधौली से बदामा, सरोजा, भस्मा से उर्मिला, कंचन, पूनम, रुधौली अदाई से चन्द्रमा, सीला गुवापाकड़ से सरिता, इंद्रावती आदि सदस्यों का चुनाव किया गया। ब्लाक स्तरीय पैरवी दल के कार्य एवं जिम्मेदारी के बारे में जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल जी नें बताया की यह पैरवी दल का काम होगा की यदि नारी संघ का कोई भी मुद्दा, या समस्या होती है वह योजनाओं के क्रियान्वयन, वितरण,एवं सामुदायिक मुद्दों पर ब्लाक से सम्बंधित अधिकारियों के सामने नारी संघ के मुद्दों के समाधान के लिए उस विषय पर बातचीत करेंगी जिससे उस मुद्दे का निराकरण कराया जा सके । यदि योजनाओं के वितरण में आसमानता एवं भेदभाव किया जाता है तो ब्लाक पैरवी दल उसका विरोध करेंगी और संबंधित अधिकारियों से पैरवी करेगी और नारी संघ के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर पंचायतों का विकास करने का कार्य करेगी और सहयोग करेगी। इसके बाद पैरवी दल के सभी सदस्यों को शपथ दिलाया गया और सभी सदस्यों को मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करने का सभी सदस्यों नें जिम्मेदारी ली। पैरवी दल की बैठक में कुल 38 नारी संघ अगुवा लीडरों नें बैठक में प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर रेखा, मिथलेश, रेनू, उर्मिला, उर्वशी, संगीता परियोजना समन्वयक राम स्वरूप एवं सामुदायिक कार्यकर्त्ता रामहित, शशि उपाध्याय, पुनीता बी आर सी हेमलता उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम का समापन ब्लाक पैरवी दल जिंदाबाद, महिलाएं कमजोर है ऐसा कहना छोड़ दो, रूढ़ी वादी परंपरा की जंजीरों को तोड़ दो के जोरदार आगाज के साथ समापन किया गया ।

# सावित्री बाई फूले जी के जन्मदिन पर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन

स्वरूप संवाददाता अम्बेडकर नगर। विकासखंड जलालपुर के ग्राम पंचायत भस्मा गाँव में जन शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तत्वाधान में सावित्री बाई फूले नारी संघ जलालपुर द्वारा सावित्री बाई फूले जी के जन्मदिन पर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सावित्री बाई फूले जी के चित्र पर ग्राम प्रधान राकेश यादव, और सब इंस्पेक्टर ममता यादव द्वारा माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया। सहभोज कार्यक्रम का आयोजन नारी संघ भस्मा कि बहनो द्वारा किया गया। जन शिक्षण केंद्र कि सचिव पुष्पा पाल ज़ी नें लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि सहभोज सामाजिक बंधुत्व को बनाये रखने के लिए सहभोज जैसे कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है जिससे समाज में अमन शांति भाईचारा बना रहे जिससे लोग एक दूसरे के प्रति नफरत ना करके प्रेम भाव ,एकजुटता के साथ रह सकें । आज के सहभोज का आयोजन इसलिए विशेष हो जाता है क्योंकि आज प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले जी का जन्मदिन है जिन्होंने गाँव,समाज, की अनेक जातियां शिक्षा से वंचित थी विशेषकर उसमे महिलाएं ज्यादा थी महिलाओ को उस समय पर शिक्षा से वंचित रखा जाता था।अनेक धर्मो के लोग रहनें के कारण समाज में कई प्रकार के भेदभाव, छुआछूत,ऊँच नीच, जैसी अनेक प्रकार कि रूढ़ियों के कारण समाज में हमेशा एक वर्ग दूसरे वर्ग के लोगों से उच्च समझकर दूसरे वाले वर्ग को नीचा दिखाने का कुत्सित प्रयास में लगा रहता है जिसके कारण उनके बीच हमेशा आपसी मतभेद बना रहता है।आज के इस सहभोज कार्यक्रम के माध्यम से हम उनको याद करते है और उनके अमूल्य संघर्षों को याद करते है और हमें उनके आदर्शों पर चलने की कोशिश करनी चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में जलालपुर एस एस पी देवेंद्र कुमार मौर्य ज़ी को आमंत्रित किया गया था लेकिन उनकी उपस्थिति में सब इंस्पेक्टर ममता यादव, महिला हेड कांस्टेबल विंध्या सिंह, हेड कांस्टेबल,बृजेश कुमार उपस्थित रहे । ममता यादव ज़ी नें सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए 1090,181,112,102, 108,1076, आदि टोलफ्री नंबरों के बारे में बताया, उपस्थित महिलाओं के साथ उनके द्वारा बनाये गये भोजन को उनके साथ भोजन किया और उनके इस प्रयासों कि सराहना कि और उन्होंने कहा कि यदि समाज में शांति लानी है तो वह महिलाओं के जरिये से शांति आ सकती है।



दैनिक जनमोर्चा के 65वें स्थापना दिवस पर समस्त जनपदवासियों एवं जनमोर्चा परिवार को

हार्दिक शुभकामनाएं

"गृहणी से उद्यमी का सफर"

जन शिक्षण ओमेन फार्मर प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड

जन शिक्षण केंद्र कुटियवा बेवाना, जनपद- अम्बेडकरनगर

◆ 17 ग्राम पंचायत के 19 गांवों से 1705 महिला किसानों का संगठन। ◆ 67 समूह में विभाजित। ◆ 510 महिला किसानों ने खरीदा कम्पनी से शेयर। ◆ 615 महिला किसानों ने लिया सदस्यता। ◆ कम लागत में ज्यादा मुनाफा देने वाली खेती को बढावा देना। ◆ सरकार द्वारा संचालित एफपीओ के तहत योजनाओं से जुडाव। ◆ 12 ग्राम पंचायत के 48 परिवारों की महिला किसानों ने किया मशरूम का उत्पादन, कमाया लाभ। महिलाओं ने ठान लिया है- गांव की महिला घर की नारी महिला किसान पहिचान हमारी का छाप छोडा। ◆ डेयरी संचालन/दुग्ध उत्पादन और हल्दी उत्पादन का लिया प्लान। ◆ 17 ग्राम पंचायतों में 100 परिवारो की महिला किसानो ने वर्मी खाद (केंचुआ खाद) का किया उत्पादन और खेतों/फसलों में किया प्रयोग।

# बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**अंबेडकर नगर , 07 दिसम्बर (तरूणमित्र)।** अकबरपुर विकासखंड के कुटियवा स्थित जन शिक्षण प्राथमिक विद्यालय में जन शिक्षण केंद्र, ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सावित्री बाई फूले नारी संघ जलालपुर,के संयुक्त तत्वाधान में 16 दिवसीय महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा के तहत बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर 10 ग्राम पंचायत से ज्यादा स्थलों पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हजारों लोगों नें बाबा साहब परिनिर्वाण दिवस मनाया।

कुटियवा स्थित जन शिक्षण प्राथमिक विद्यालय कुटियवा बेवाना के स्कूल प्रांगढ़ में पुष्पा पाल के अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन



वरिष्ठ सेवा निवृत प्रवक्ता राम राज गौतम द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए बताया कि बाबा साहब की परिनिर्वाण दिवस उनके द्वारा किया गया वंचितों के लिए संघर्षों की याद दिलाता है बाबा साहब ने वंचितों के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। लालता प्रसाद ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा उनका भी जन्म एक अछूत जाति में हुआ था जो हमेशा घृणित तरीके से देखे जाते थे उन्हें भी वंचना का शिकार होना पड़ा लेकिन उन्होंने संघर्ष का मार्ग अपनाया जिससे लोगों के जीवन को आसान बनाया जा सके। पुष्पा जी के द्वारा संविधान की उद्देशिका को पढ़कर सुनाया गया और संविधान कि शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन जयराम द्वारा किया गया ।

क
संचा
ब
(तरू
आजी
गठित
परिस
(कैंटी
है। कै
सहाय
लिए
मजिस
विजय
इच्छुक
अंतर्ग
गठित
समूह
उपस्थि
लिया
70 से
वापस
टिफि
अनुभ

